## महत्वपूर्ण एवं खास

### इलाके में मलेरिया फैला रहा अपना पांव

**बीजापुर-रायपुर (आरएनएस)।** मानसून की दस्तक के साथ ही मलेरिया ने बीजापुर को अपनी जद में ले लिया है। 2 बच्चों की मौत के बाद हरकत में आये स्वास्थ्य महकमे ने 2 लाख से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग की है जिसमें 2071 लोग मलेरिया पॉजिटिव पाये गये हैं। ज्यादातर केस ग्रामीण इलाकों से मिल रहे हैँ, जहाँ कलेक्टर के निर्देश पर मेडिकल स्टॉफ जाँच और उपचार में जुटी हुई है। मेडिकल अमले ने पूरे जिले में मलेरिया रोधी अभियान के तहत स्कूल व आवासीय आश्रम और ग्रामीण इलाकों मे जाँच कर 2 लाख 20 हज़ार 14 सैंपल लिया है। जिसमें 2071 केस पॉजिटिव पाये गये हैं इनमें 1090 स्कूली व आवासीय विद्यालय के बच्चे व 981 ग्रामीण शामिल हैं। सीएमएचओ डॉक्टर बीआर पुजारी ने बताया कि जिले में मलेरिया की जांच रेपिड डाइग्नोस्टिक टेस्ट किट से ब्लड सैंपल लेकर स्क्रीनिंग की जा रही है। विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में आरडीटी किट उप्लब्ध है। जिससे जाँच मे फिलहाल समस्या नही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में 196028 ग्रामीणों का व 24076 स्कूल आवासीय आश्रमों के बच्चों का टेस्ट किया गया हैं। उन्होंने आगे बताया कि मलेरिया दवा का छिडक़ाव 77 फीसदी तक कर दिया हैं।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** विधानसभा पुलिस ने ग्राम मांढर में दबिश देकर अवैध गांजा बेचते एक अधेड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 642 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मांढर में एक व्यक्ति अवैध गांजा बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी आसमीन खान 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 किलो 642 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 16 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### थल सेना में अग्नि वीर भर्ती के लिए निशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जायेगा

**मोहला (आरएनएस)।** भारतीय थल सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में लिखित परीक्षा आयोजित किया गया था। उक्त लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण 4 दिसंबर से 12 दिसंबर तक रायगढ़ में आयोजित किया जायेगा। ऐसे अभ्यर्थी निशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के लिए जिला रोजगार कार्यालय राजनांदगांव से संपर्क कर पंजीयन कर सकते हैं। कार्यालय का दूरभाष नंबर 07744 299523 है। कार्यालय का ईमेल आईडी के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

### फरसा लहराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग (आरएनएस)।** गंजपारा में धारदार फरसा लहराकर डराने धमकाने वाले आरोपी आकाश ऊर्फ चन्दू मेश्राम 22वर्ष पिता दिनेश मेश्राम लोहार दुकान के पास गंजपारा निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से धारदार फरसा भी जप्त किया गया है। आरोपी गंजपारा में शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर रहा था। नहीं दिए जाने पर आरोपी ने धारदार फरसा लहराकर डराने धमकाने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक प्रार्थी मनोज बत्रा पिता समाणमल बत्रा 45 साल निवासी पोलसायपारा लक्ष्मीनाराण मंदिर दुर्ग द्वारा आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

### दंतेवाडा में हो रही अच्छी बारिश

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर (दंतेवाड़ा) जिले में पिछले दो दिनों से अच्छी बारिश हो रही है । जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में आज शनिवार की शाम शंखिनी और डंकिनी नदियों के संगम पर पानी का लबालब जमाव और तेज बहाव देखा गया। अच्छी बारिश से जिले में खेती -किसानी के कामों में तेजी आयी है।

# पुलिस-नक्सली मुठभेड़ एक नक्सली ढेर, हथियार सहित बड़ी मात्रा मे नक्सली सामाग्री बरामद

**सुकमा ।** आरएनएस



शनिवार अल सुबह जिले के जिला सुकमा के थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत तुमारगुट्टा-सिंगावरम के जंगल-पहाड़ी में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में एक नक्सलर की मौत हुई है। मृत नक्सली की पहचान सोड़ी नरसा के रूप में हुई है जिसपर कुल एक लाख दस हजार रूपये का ईनाम घोषित था। पुलिस ने मौके से 01 नग भरमार बंदुक, 01 नग पिट्टू, जिसमें 0& पैकेट बैटरी वायर लाल-काला लगा हुआ, 01. नग वाकी-टाकी (वायरलेस सेट), चार्जर 01 नग लाल-काला वायर लगा, कोर्डेक्स वायर लगभग 01फीट, 02 नग जिलेटिन रॉड, एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामाग्री बरामद किया है।

बता दें कि जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत तुमारगुट्टा, सिंगावरम के जंगल-पहाड़ में नक्सलियों की लगातार उपस्थिति की सूचना पर दिनांक 19.07.2024 को थाना जगरगुण्डा से तोमेश वर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगरगुण्डा के नेतृत्व में जिला बल, डीआरजी एवं बस्तर फाईटर की संयुक्त पार्टी सूचना स्थल नक्सली गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम तुमारगुट्टा, सिंगावरम व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। इसी अभियान के दौरान दिनांक 20.07.2024 के प्रात: लगभग 5:&0 बजे तुमारगुट्टा, सिंगावरम के जंगल-पहाड़ को सर्च करते हुए आगे बढ़ रहे थे कि पूर्व से घात लगाकर बैठे नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को जान से मारने व हथियार लूटने के नीयत से फायरिंग करने लगे सुरक्षाबलों द्वारा भी यथा-स्थान पोजिशन लेकर आत्मरक्षार्थ में जवाबी कार्यवाही मे फायरिंग किया गया। सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव व भारी पड़ता देख नक्सली जंगल-पहाड़ी का आड़ लेकर भाग गये। जिसके बाद घटना स्थल की सर्चिंग करने पर एक अज्ञात पुरूष नक्सली का शव व शव के पास 01 नग भरमार बंदुक, 01 नग पिट्टू, जिसमें 0& पैकेट बैटरी वायर लाल-काला लगा हुआ, 01. नग वाकी-टाकी (वायरलेस सेट), चार्जर 01 नग लाल-काला वायर लगा, कोर्डेक्स वायर लगभग 01फीट, 02 नग जिलेटिन रॉड, एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामाग्री बरामद किया गया। उक्त पुलिस-नक्सली मुठभेड़ मे मारे गए नक्सली का शिनाख्तगी ऑपरेशन टीम शामिल आत्मसमर्पित नक्सली सोड़ी नरसा पिता कन्ना निवासी दोरलापारा, सिंगावरम थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा (छग) तथा प्रतिबंधित नक्सल संगठन में सुरपनगुड़ा आरपीसी मिलिशिया कमांडर, घोषित ईनामी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पद के अनुरुप एक लाख रूपये एवं पुलिस अधीक्षक सुकमा द्वारा दस हजार रूपये के रूप में किया गया।

मुठभेड़ में मारा गया नक्सली न्यू कैम्प कुंदेड़ स्थापना के दौरान सुरक्षाबलों पर फायरिंग करने की घटना,आईईडी प्लांट करने की घटना सहित थाना जगरगुण्डा एवं चिंतलनार क्षेत्रों में घटित विभिन्न नक्सली गतिविधियों जैसे पुलिस गस्त पार्टी की रेकी कर हमला करना, पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्गो में स्पाईक/आईईडी लगाना, मुख्य मार्गों को खोदकर अवरूद्ध करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध में नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाना आदि घटनाओं में शामिल रहा है।

## टाइफाइड, डायरिया, डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए जनता से सावधानी बरतने की अपील

**रायपुर ।** आरएनएस

बारिश के मौसम में विभिन्न कीटाणुओं और विषाणुओं के संपर्क में आने से अनेक तरह की बीमारियों का खतरा होता है, जिनकी ओर ध्यान न देने पर गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। मानसून के आगमन के साथ ही राज्य में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जागरुक करने स्वास्थ्य और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सतत् प्रयासरत है।

स्वास्थ्य विभाग ने इन बीमारियों की रोकथाम के लिए जनता से सतर्कता की अपील की है। इन मानसूनी बीमारियों से बचाव के आवश्यक उपायों व तरीकों का गंभीरता से पालन करें। मानसून के इन्हीं खतरों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग बीमारियों से सुरक्षा हेतु शहरवासियों एवं ग्राम वासियों को जागरूक करने का निरंतर प्रयास कर रहा है। इस अभियान के तहत् गांवों के आवासों का सर्वे, निरीक्षण, दवाओं का वितरण तथा छिडक़ाव शुरू हो चुका है। स्वास्थ्य विभाग का अमला प्रत्येक दिन घर-घर जाकर पानी के पात्रों को खाली कर उनकी सफाई व दवाईयों की छिडक़ाव आदि करती है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग एवं मलेरिया विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लगातार उनके प्रशिक्षित कर्मचारियों के सहायोग से घर-घर सर्वेक्षण, दवाईयों के वितरण और छिडक़ाव आदि के कार्य के साथ गांव के नागरिकों को इसके लिए निरंतर जागरूक भी किया जा रहा है। इन बीमारियों से बचाव हेतु इसके कारण, लक्षण और बचाव के तरीकों की जानकारी होना अति आवश्यक है।

**डेंगू के कारण, लक्षण एवं रोकथाम के उपाय-** डेंगू एडिस नामक मच्छर के काटने से होता है, इससे बचाव के लिए मच्छरों से बचने का पूरा प्रबंध करें जैसे मच्छरदानी का उपयोग, शरीर को पूरा ढकने वाले कपड़ों को इस्तेमाल आदि। डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें। डेंगू से बचने के लिए सावधानी ही सुरक्षा है, डेंगू से बचाव के उपायों को अवश्य अपनाएं। कूलर, पानी की टंकी, फ्रिज की ट्रे, फूलदान, इत्यादि को प्रति सप्ताह खाली करें व धूप में सुखाकर प्रयोग करें। नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायरों में पानी जमा न होने दें, घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली व परदे लगायें, पैर में मोजे पहने एवं सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

**मलेरिया के कारण, लक्षण एवं रोकथाम के उपाय-** मलेरिया एक गंभीर और कभी-कभी जानलेवा बीमारी है। यह संक्रमित मादा एनाफिलिज़ मच्छर के काटने से फैलती है। आमतौर पर संक्रमित मच्छर द्वारा काटे जाने के 10-15 दिन बाद इसके लक्षण दिखने लगते हैं। मलेरिया के लक्षणों में तेज बुखार के साथ कंपकपी आना, पसीना आना, मतली या उलटी, सिरदर्द, दस्त, थकान महसूस होना, शरीर में दर्द इत्यादि हो सकते हैं। इससे बचने के लिए मच्छरों से बचाव के तरीके अपनाएं व लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। घरों में नीम की पत्ती जलाकर धुंआ करें और नाली में कैरोसीन या जला हुआ तेल डालें, जिससे मच्छर का लार्वा नष्ट हो जाता है।

**आंत्रज्वर (टायफायड) के कारण, लक्षण एवं रोकथाम के उपाय-** आंत्रज्वर जीवन के लिए एक खतरनाक रोग है जो सलमोनेल्ला टायफी नामक जीवाणु (बैक्टीरिया) से होता है, जिसकी संभावना बारिश के मौसम में अत्यंत बढ़ जाती है। आंत्रज्वर (टाइफायड) का उपचार सामान्यत: एंटीबायोटिक दवाइयों से किया जा सकता है। इसे मियादी बुखार भी कहा जाता है। यह रोग गंदे हाथों से खाना खाने से, दूषित पानी व खाना खाने से होता है।

## अवैध क्लिनिकों पर जिला प्रशासन ने की कार्यवाई

**बिलासपुर-रायपुर ।** आरएनएस

न्यायधानी में राजस्व व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध क्लिनिकों पर कार्रवाई की है. कोटा में देर रात तक चली कार्रवाई में जांच के बाद 4 क्लिनिकों को सील कर दिया गया. इनमें टेंगनमाड़ा के दीपक के गुप्ता क्लिनिक और करगी कला के चिरंजीत विश्वास क्लिनिक के साथ ही कोटा में संचालित विश्वास क्लिनिक और मरावी क्लिनिक शामिल हैं. जानकारी के मुताबिक, मरावी क्लिनिक का संचालक देवशंकर मरावी है, जो शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटा में क्लर्क पद पर कार्यरत हैं. कलेक्टर अवनीश शरण ने इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रखने के निर्देश दिए हैं. कोटा एसडीएम युगल किशोर उर्वशा के नेतृत्व में राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामार शैली में दबिश देकर कार्रवाई की है. कोटा में गुरुद्वारा के पीछे संचालित मरावी क्लिनिक और महाशक्ति चौक में संचालित विश्वास क्लिनिक की जांच की गई. दोनों ही क्लिनिक में भारी मात्रा में एलोपैथी दवाइयां और इंजेक्शन पाए गए. मौके पर जांच के दौरान मरीजों की लंबी कतार देखी गई. विश्वास क्लिनिक में इलाज कराने आए धनरास के ग्रामीण विशंभर सिंह को कुल 713 रुपए की दवाई देकर 1300 रुपए वसूला गया, जिसे तहसीलदार ने वापस कराया।

## कुएं में मिली डीपीएस स्कूल के छात्र की लाश

**कोरबा ।** आरएनएस

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित डीपीएस स्कूल के छात्र की लाश ग्राम बेलाकछार के कुएं में मिली है। छात्र ने कुएं में कूद कर जान दी है, ऐसी बातें सामने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि कक्षा दसवीं का छात्र अमन साव आज सुबह स्कूल गया था जहां पेरेंट्स-टीचर मीटिंग रखी गई थी और पेरेंट्स को बुलाया गया था लेकिन सुबह 11 वह स्कूल से लापता हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और उसकी तलाश शुरू की गई।

डीपीएस स्कूल से लगे बेलाकछार क्षेत्र की ओर उसे जाते हुए देखने की बात सामने आई तो पुलिस और परिजन उस ओर तलाश करने निकल पड़े। वहां एक पुराना कुआं के ऊपर छात्र का चश्मा नजर आया। जब किसी अनहोनी की आशंकावश कुएं में लोगों को उतारा गया तो छात्र की लाश बरामद हुई।

माना जा रहा है की छात्र ने कुएं में कूद कर जान दी है। बताया जा रहा है कि छात्र को कक्षा 9वी का मार्कशीट मिला था जिसमें संभवत: कम नंबर आने के कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है,ऐसा पारिवारिक सूत्रों के हवाले से ज्ञात हुआ है। मृतक छात्र बालको के कमर्शियल डिपार्टमेंट में कार्यरत सुवेंदु सरकार साव का पुत्र था। अमन का शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

## चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर शिक्षा सप्ताह का होगा आयोजन

**रायपुर ।** आरएनएस

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरे देश में सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं निजी स्कूलों में एक सप्ताह तक 'शिक्षा सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। इस तारतम्य में 22 जुलाई से शिक्षा सप्ताह मनाने छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समस्त जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी परिपत्र द्वारा जिले के समस्त शालाओं में दिवसवार गतिविधियां कराने के निर्देश दिए है, जिसमें पहला दिवस 22 जुलाई सोमवार को टीएलएम दिवस- शिक्षकों को स्थानीय सामग्री के प्रदर्शन एवं कक्षा में इनके उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।

इसी प्रकार दूसरा दिवस 23 जुलाई मंगलवार को एफएलएन दिवस- एफएलएन के क्रियान्वयन हेतु सभी हितधारकों के मध्य जागरुकता विकसित करना, तीसरा दिन 24 जुलाई बुधवार को खेल दिवस- खेल और फिटनेस के महत्व हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, चतुर्थ दिवस 25 जुलाई गुरुवार को सांस्कृतिक दिवस- विद्यार्थियों में विविधता में एकता की भावना विकसित करने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएं, पांचवा दिवस 26 जुलाई शुक्रवार को कौशल एवं डिजिटल पहल दिवस- विभिन्न कौशलों को बढ़ावा देना, सीखने में डिजिटल पहल को प्रोत्साहित करना, छठवां दिवस 27 जुलाई शनिवार को मिशन लाइफ/इको क्लब दिवस स्कूलों में इको क्लब का गठन, एक पेड़ मां के नाम का आयोजन, स्कूलों में वृक्षारोपण और सातवाँ दिवस 28 जुलाई रविवार को सामुदायिक भागीदारी दिवस- स्थानीय समुदाय, जन-प्रतिनिधि, पालक, एस.एम.सी., पीटीए, पंचायती राज संस्थाओं से मिलकर अधिकतम भागीदारी, न्यौता भोज कराने का निर्देश दिया गया है।

कार्यक्रम के अंतिम दिवस सभी शालाओं में न्यौता भोज के आयोजन के साथ-साथ उल्लास कार्यक्रम में जुडऩे संबंधी शपथ भी दिलाई जाएगी।

## खनिज विभाग ने अवैध रेत परिवहन करते 3 हाईवा और 8 ट्रैक्टरों पर की कार्यवाई

❐ कलेक्टर के निर्देश पर जारी रहेगा धरपकड़ अभियान

**बिलासपुर ।** आरएनएस



लेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग बिलासपुर द्वारा कल और आज दो दिनों में दर्जनों ग्रामों में दबिश देकर 3 हाईवा और 8 ट्रैक्टर पकड़ा गया। ये वाहन रेत और खनिजों का अवैध तरीके से परिवहन कर रहे थे। वाहन चालकों और मालिकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 की प्रावधानों के उल्लंघन में कार्रवाई की गई है।

खनिकर्म विभाग के उप संचालक दिनेश मिश्रा ने बताया कि विभागीय अधिकारियों की टीम द्वारा लोधीपारा, कोनी, सेंदरी, कछार लोफन्दी ,मंगला, धुरीपारा, लोखंडी, निरतू, घुटकू ,मोपका, उसलापुर, सिरगिट्टी, लावर क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया। सरकंडा क्षेत्र में 2 हाईवा को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर पुलिस थाना सरकंडा एवं सेंदरी क्षेत्र मे 1 ट्रेक्टर को पुलिस थाना कोनी मे अभिरक्षा में रखा गया है। रतनपुर क्षेत्र मे खनिज रेत का अवैध परिवहन करते जाने पर 05 ट्रेक्टर को जप्त कर पुलिस थाना रतनपुर मे अभिरक्षा मे रखा गया है। सिरगिट्टी क्षेत्र में 1 हाईवा एवं 1ट्रेक्टर रेत को पुलिस थाना सिरगिट्टी मे एवं 1गाड़ी ईट (मिट्टी) को खनिज जांच चौकी लांवर में अभिरक्षा में रखा गया है।

वैध अभिवहन पास एवं रायल्टी पर्ची के बिना खनिजों का परिवहन किये जाने के कारण सभी 11 वाहन चालकों और मालिकों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71/खान एवं खनिज(विकास एवं विनियमन) अधिनियम की धारा 21 के तहत खनिज के अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया है। खनि अमला द्वारा कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## श्याम बाई ने मुर्गी पालन को बनाया अपना स्व-रोजगार

**रायपुर ।** आरएनएस



प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में सार्थक पहल हो रही है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लघु एवं कुटीर उद्योगों बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि अधिक महिलाएं उद्योग से जुड़ सके। महिलाएं विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से जुडक़र आत्मनिर्भर बन रही है। आधुनिक समय के साथ-साथ महिलाएं भी अपनी रूचि को स्व-रोजगार का साधन बनाकर सशक्त हो रही है।

जिला जांजगीर-चांपा से 33 किलोमीटर दूर है ग्राम पंचायत मेऊ की श्यामबाई टंडन अपनी जमीन पर खेती करके और मुर्गी पालन अपनाकर अपने परिवार के साथ सुखमय जीवन व्यतित कर रही है। श्यामबाई ने बताया कि 2004 में उनके पति भारत टंडन की मृत्यु हो जाने के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनके ऊपर आ गई। उनके पति के रहते ही उन्होंने दोनों लड़कियों की शादी करके अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी थी, लेकिन उनके ऊपर अपनी स्वयं एवं परिवार की जिम्मेदारी थी, ऐसे में उन्होंने हौंसला नहीं छोड़ा और मजबूती के साथ वह अपने पैरों पर खड़ी हुई। उनके पास महज 92 डिसमिल खेती की जमीन है जिस पर वह परंपरागत खेती करती है और उसे बहुत ही कम आय हो रही थी।

श्याम बाई ने अतिरिक्त आमदनी के लिए मुर्गी पालन को भी व्यवसाय के रूप में अपनाया। इससे उनको अच्छी आमदनी हो रही है। छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत मनरेगा योजना से उनके घर में मुर्गीपालन के लिए शेड बनाकर दिया गया है। श्यामबाई ने बताया कि मुर्गीपालन से उन्हें प्रतिमाह 7 से 8 हजार रूपए की आमदनी हो जाती है। उन्होंने स्व-रोजगार कर मुर्गी पालन से आत्मनिर्भर बन गई और दूसरों के सामने उसे हाथ फैलानी नहीं पड़ रही है। उन्होंने मुर्गी शेड निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन का आभार जताया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU